उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,

लखनऊ – 226010

संख्या :-35 /12/कम्प्यूटर- अनुभाग-12/2018-2024/02-परीक्षा/2018

लखनऊ : दिनांक : 16 अप्रैल, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2018, सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत दिनांक 26.06.2023 व दिनांक 27.06.2023 को आयोजित लिखित परीक्षा (पुनर्परीक्षा) के स्कोर (नॉर्मलाइज्ड) के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 4065 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक मा० आयोग के अनुमोदनोंपरान्त दिनांक 21.02.2024 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था, जिसमें अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया गया था कि अर्हता / अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की सूचना यथासमय पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

अतः विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2018, सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित उक्त 4065 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित किया जाना निर्धारित है-

क्र.सं.	दिनांक	पाली-1 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	पाली-2 (अपराह्न 01:30 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	योग
1	29-04-2024	150	150	300
2	30-04-2024	150	150	300
3	01-05-2024	150	150	300
4	02-05-2024	150	150	300
5	03-05-2024	150	150	300
6	04-05-2024	150	150	300
7	06-05-2024	150	150	300
8	08-05-2024	150	150	300
9	09-05-2024	150	150	300
10	10-05-2024	150	150	300
11	14-05-2024	150	150	300
12	15-05-2024	150	150	300
13	16-05-2024	150	150	300
14	17-05-2024	150	15+ अनुपस्थित अभ्यर्थी	165
कुल				**4065**

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण से पूर्व उनके समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा । अतः अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों तथा पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें । अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों ।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 17.05.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आयोग कार्यालय में दी जाती है तो सक्षम स्तर से अनुमति के उपरांत उसे दिनांक 17.05.2024 की द्वितीय पाली (अपराह्न 01.30 बजे) में अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा ।

16/04/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव ।